
शुभम् भूयात् मंगलम् भूयात् कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-17 | अंक 4
अप्रैल 2024

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन



## सम्पादकीय

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**परम पावन युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी अणुव्रत यात्रा के साथ सुखसातापूर्वक मुंबई से पुणे एवं अब पुणे से औरंगाबाद की ओर गतिमान है। आचार्य प्रवर के पावन सान्निध्य में औरंगाबाद में अक्षय तृतीया का पावन आयोजन होने जा रहा है। मार्च माह में पुणे, सूरत, गांधीनगर एवं सांताक्रुझ परिषदों के युवा साथियों ने **युवावाहिनी** के अंतर्गत पूज्य प्रवर की मार्ग सेवा का लाभ प्राप्त कर सौभाग्य की अनुभूति की। अहमदाबाद, उधना, हिरीयुर, साउथ हावड़ा और भायंदर परिषदों के साथियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चारित्रात्माओं की मार्ग सेवा का लाभ प्राप्त कर अपने दायित्व का निवर्हन किया।

**मैं हूं सामायिक साधक** आयाम के अंतर्गत **आत्मोन्नयन** के साथ प्रत्येक युवा और किशोर को प्रतिदिन सामायिक करने का लक्ष्य रखना चाहिये। प्रतिदिन संभव न हो सके तो कम से कम प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक अवश्य करने का प्रयास करें।

**तपोयज्ञ** के अंतर्गत इस कार्यकाल के प्रारंभ से ही प्रत्येक गुरूवार को **त्यागी थर्सडे** के रूप में धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का अभियान चलाया जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि अनेक युवकों के साथ-साथ उनके परिवारजन भी संकल्प ग्रहण कर त्याग के प्रति अपनी आस्था अभिव्यक्त कर रहे हैं।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत मार्च माह में जयपुर, औरंगाबाद एवं यशवंतपुर परिषदों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**फिट युवा हिट युवा** के अंतर्गत परिषदों द्वारा निरंतर कुछ गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अपेक्षित है कि अधिकाधिक युवा एवं किशोर स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना के मद्देनजर इस आयाम की गतिविधियों में भाग लेते हुए शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थता की दिशा में आगे बढ़ें।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत जनवरी से मार्च माह में **व्यक्तित्व विकास** एवं **मेक योर मार्क** कार्यशालाओं का 11 परिषदों द्वारा विभिन्न विषयों पर आयोजन किया गया, जिनमें से कुछ कार्याशालाओं में चारित्रात्माओं का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ, इस हेतु उनके प्रति सादर कृतज्ञता।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत **एमबीडीडी रिद्म** का आयोजन चल रहा है। प्रतिमाह एक राज्य में रक्तदान शिविरों के आयोजन के क्रम में मार्च माह में राजस्थान में 27 रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ, जिनमें 5518 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत देश भर में संचालित सेंटर्स में मार्च माह में कुल 31,634 रोगियों ने विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

**नेत्रदान** के अंतर्गत मार्च माह में 24 परिषदों द्वारा 40 नेत्रदान करवाए गए, जिनमें तेयुप सूरत द्वारा मार्च माह के सर्वाधिक 6 नेत्रदान करवाए गए।

**तेरापंथ टास्क फोर्स** के अंतर्गत युवाओं एवं किशोरों को प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं आदि में बचाव की दृष्टि से जान-माल की सुरक्षा एवं इनसे निपटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि आयाम के राष्ट्रीय प्रभारी श्री मनीष पटावरी एवं सहप्रभारी श्री मयंक धाकड़ ने आयाम की आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाते हुए मार्च 2025 तक के संभावित खर्चों की पूर्ति की अग्रिम व्यवस्था अपने स्तर पर सुनिश्चित कर ली है। दोनों के सदप्रयास हेतु साधुवाद।

**सत्कार** के अंतर्गत मार्च माह में 15 दिन की सत्कार सेवा तेयुप उत्तर हावड़ा एवं 15 दिन की सत्कार सेवा तेयुप गांधीनगर के सहयोग से सम्पन्न हुई। दोनों परिषदों के सहयोग हेतु धन्यवाद।

**जैन संस्कार विधि** के अंतर्गत मार्च माह में विवाह, जन्मोत्सव, गृह प्रवेश, नामकरण, भूमि पूजन, शुभारंभ आदि से संबंधित कुल 80 कार्यक्रम 29 परिषदों द्वारा जैन संस्कार विधि से संपादित कराये गए।

दिनांक 21-22 मार्च 2024 को **अभातेयुप इम्पेक्ट फोरम** मीटिंग का आयोजन पुणें में किया गया। इस मीटिंग में अभातेयुप की भावी विकास

योजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों की आत्मनिर्भरता के संदर्भ में विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ। अभातेयुप की गतिविधियों के लिए सीएसआर एवं एफसीआरए के अंतर्गत किस प्रकार फंड प्राप्त हो सकता है, इस पर चिंतन-मंथन हुआ। आध्यात्मिक गतिविधियों के विकास के संदर्भ में कुछ सत्रों में अभातेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी का पावन सान्निध्य एवं उद्बोधन प्राप्त हुआ। मीटिंग में अनेक क्षेत्रों से विशेषज्ञ महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगठन के आगामी विजन की दृष्टि से यह मीटिंग काफी उपयोगी रही।

इस माह 17 अप्रैल 2024 को **रामनवमी** एवं **आचार्यश्री भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस** का शुभ अवसर है। तेरापंथ धर्मसंघ में चैत्र शुक्ल नवमी अर्थात रामनवमी का दिन विशेष महत्व लिए हुए है क्योंकि इस दिन तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य प्रवर्तक आचार्यश्री भिक्षु ने सत्य की राह को स्वीकारने की प्रतिज्ञा की थी। आचार्यश्री भिक्षु ने विक्रम संवत 1817 चैत्र शुक्ल नवमी के दिन आत्मकल्याण और जनकल्याण के लिए आचार्य रघुनाथजी से संबंध विच्छेद कर स्थानक छोड़कर अभिनिष्क्रमण किया। आचार्य भिक्षु के अभिनिष्क्रमण का उद्देश्य नए संघ का निर्माण करना नहीं था। उनका उद्देश्य आचार और विचार की विशुद्धि के साथ शुद्ध साधुता के नवजीवन की ओर प्रस्थान का था। वे आचार निष्ठा, अनुशासन और जिनवाणी पर सर्वात्मना समर्पित थे। आचार्यश्री भिक्षु अपने भाग्य बल, पुरुषार्थ बल, बुद्धि बल और समता बल से आगे बढ़ते रहे, उनके विचारों को समझते हुए लोग उनके साथ जुड़ते चले गए और अकल्पित रूप से तेरापंथ धर्मसंघ का उदय हुआ। मैं आचार्यश्री भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस के अवसर पर तेरापंथ के आद्यप्रर्वतक आचार्यश्री भिक्षु को सादर श्रद्धा प्रणति करता हूं।

दिनांक 21 अप्रैल को **2623वीं महावीर जयंती** का अवसर है। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन दिवस पर भगवान महावीर इस धरती पर अवतरित हुए थे। भगवान महावीर सत्य, अहिंसा, प्रेम, मैत्री और करुणा के पावन संदेश प्रदाता थे। उनके द्वारा प्रतिपादित सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य के मूलभूत सिद्धान्त जितने उपयोगी हजारों वर्ष पूर्व थे उतने ही आज भी हैं। भगवान महावीर के जीवन के विभिन्न प्रसंग हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत है। हम वीर प्रभु के अनुयायी हैं, इसका हमें गौरव है। मैं महावीर जयंती के अवसर पर प्रभु महावीर को सविनय श्रद्धा समर्पित करता हूं।

**अभातेयुप द्वारा शाखा परिषदों के लिए स्वीकृत विधान एवं नियमोपनियम 2018 के अनुसार सभी शाखा परिषदों के लिए दिनांक 15 मई से 15 जून के मध्य चुनाव/मनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाना अनिवार्य है। चुनाव/मनाव प्रक्रिया के सन्दर्भ में संवैधानिक दिशा-निर्देश सभी शाखा परिषदों के ध्यानार्थ पाथेय के पूर्व अंक में जारी किए गए थे एवं इस अंक में पुनः जारी किए जा रहे हैं। सभी शाखा परिषदों के अध्यक्ष/मंत्री महोदय से निवेदन है अभातेयुप के दिशा-निर्देशों एवं अभातेयुप द्वारा शाखा परिषदों के लिए स्वीकृत विधान की अनुपालना करते हुए इस दिशा में विशेष जागरूकता रखते हुए नियमानुसार कार्यवाही प्रारम्भ करें और समयबद्ध व गरिमापूर्ण रूप से चुनाव/मनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएं।**

**परम पूज्य युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव (समापन समारोह) पर आयोज्य 'युवा दिवस' पर श्रीचरणों में श्रद्धा प्रणति स्वरूप अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपनी मासिक पत्रिका 'युवादृष्टि' का विशेषांक प्रकाशित करने जा रही है, जिसका शीर्षक 'चमन के बागवां' रखा गया है। इस विशेषांक में अभिवंदना सहयोग राशि रु. 51,000 एवं 21,000 रखी गई है। निवेदन है कि अधिकाधिक परिषदें एवं साथी सहयोग प्रदान करें।**

मेरा अनुरोध है कि अभातेयुप के सभी साथी, सभी शाखा परिषदें एवं समस्त युवा शक्ति अभातेयुप के सभी उपक्रमों में अपनी कर्मजा शक्ति को नियोजित करते हुए संगठन के विकास एवं धर्मसंघ की प्रभावना में योगभूत बनते रहें।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ-

**सदैव आपकी सेवा में**

Ramesh Daga

**रमेश डागा**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## आगामी कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| तमिलनाडु स्तरीय तेरापंथ टास्क फोर्स कार्यशाला | 27-28 अप्रैल 2024 | चेन्नई |
| सीपीएस कार्यशाला | 22 से 28 अप्रैल 2024 | एचबीएसटी |
| 19वां राष्ट्रीय तेरापंथ किशोर मंडल अधिवेशन | 20 से 22 जुलाई 2024 | सूरत |

# दिशा-निर्देश

- ✲ शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- ✲ अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- ✲ स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- ✲ किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- ✲ तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- ✲ प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- ✲ **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- ✲ अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण abtypsecretary@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- ✲ शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के खाते **(Punjab National Bank)** में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं में भिजवाएं।

Account Name: **AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bank Name | : Punjab National Bank | Branch | : Ladnun (Raj.) |
| Account No. | : 10272010002800 | IFSC Code | : PUNB0102710 |

- ✲ **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- ✲ **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- ✲ स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- ✲ जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- ✲ पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- ✲ अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- ✲ शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- ✲ सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

## चुनाव सम्बन्धी सूचना

तेरापंथ युवक परिषद् की सभी शाखाओं में संविधान के अनुसार दिनांक 15 मई से 15 जून तक चुनाव/मनाव करवाने अनिवार्य हैं। समस्त संभाग प्रमुख तेयुप की कार्यसमिति द्वारा चयनित चुनाव अधिकारी नाम, मोबाईल नंबर एवं मेल ID संगठन मंत्री को प्रेषित करें। अभातेयुप सभी परिषदों में संविधान सम्मत चुनाव/मनाव सुनिश्चित करने हेतु आह्वान करती है।

**अमित सेठिया, संगठन मंत्री**

**9824300012/apsethia@gmail.com**

### अध्यक्ष निर्वाचन प्रणाली

(1) कार्यसमिति की बैठक में चुनाव अधिकारी के नाम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू मानी जायेगी।

(2) अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) नवगठित शाखा परिषद् के अध्यक्ष का कार्यकाल 15 माह तक हो सकता है। 15 मार्च के पश्चात यदि परिषद् का गठन हो तो उस वर्ष में मई–जून माह की बजाय अगले वर्ष के मई–जून माह में चुनाव कराए जा सकते हैं। तत्पश्चात अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(4) अध्यक्ष का चुनाव साधारण सदन में बहुमत के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

(5) अध्यक्ष पद पर कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक नहीं रह सकेगा।

(6) अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का व्यसन मुक्त होना आवश्यक है।

**(7) 31 मार्च तक प्राप्त सदस्यता आवेदन पत्र को 7 अप्रैल तक कार्यसमिति की बैठक आयोजित करवाकर प्राप्त आवेदन पत्र को पारित करवाना होगा। उक्त कार्यसमिति की बैठक तक बने हुए सदस्यों को ही मतदान का अधिकार होगा।**

लेकिन 31 मार्च के बाद भी किसी का सदस्यता हेतु सदस्यता आवेदन पत्र परिषद् को प्राप्त होता है तो उसको कार्यसमिति बैठक में पारित किया जा सकता है परन्तु उस सदस्य को साधारण सदन में वोटिंग का अधिकार नहीं रहेगा।

(8) शाखा परिषद् के सदस्य ही नामांकन पत्र (प्रारूप परिशिष्ट) में प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकते हैं लेकिन वर्तमान अध्यक्ष आगामी कार्यकाल हेतु आवेदित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं होगा।

(9) अध्यक्ष पद हेतु एक सदस्य केवल एक ही व्यक्ति के नाम का प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकता है।

(10) 31 से अधिक सदस्यों वाली परिषद् में अध्यक्ष पद के नामांकन हेतु कम से कम 5 प्रस्तावक व 5 अनुमोदक अनिवार्य रूप से होने चाहिये।

(11) नवगठित शाखा परिषद् के अतिरिक्त अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को स्थानीय परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कम से कम दो कार्यकाल अथवा पदाधिकारी के रूप में एक कार्यकाल का अनुभव होना आवश्यक है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्राप्त अनुभव मान्य नहीं होगा।

(12) साधारण सभा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उनका नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा पर सर्वसम्मत नाम वाले प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं हैं, किन्तु प्रत्याशी की लिखित स्वीकृति अनिवार्य है।

(13) अध्यक्ष के चुनाव करवाने हेतु कार्यसमिति द्वारा एक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। चुनाव अधिकारी का तेरापंथी होना आवश्यक होगा।

(14) बंद लिफाफे पर नामांकन पत्र अंकित कर उसे चुनाव अधिकारी के कार्यालय या अन्य निर्धारित स्थान पर प्रस्तुत करना होगा। नामांकन पत्र के साथ शाखा परिषद् सदस्यता क्रमांक, जन्म तारीख का प्रमाण (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपी लगाना अनिवार्य है। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा।

(15) अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व सायं 5 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्र ही मान्य होंगे। नामांकन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निर्वाचन की तिथि के बीच पूरे तीन दिन का अंतराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 6 तारीख होगी।

नामांकन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज के साथ अन्य दस्तावेज जांच के समय अगर चुनाव अधिकारी द्वारा ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा जाये तो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा। अथवा चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय ले सकेगा।

चुनाव अधिकारी को नामांकन पत्रों की जांच करके अगले दिन सायं 5 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की सूची परिषद् के अधिकृत सूचना पट्ट पर अंकित करनी होगी।

(16) अध्यक्ष पद का उम्मीदवार चुनाव प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक अपना नाम वापिस ले सकता है। निर्वाचन दिवस एवं नामांकन वापिस लेने के बीच पूरे एक दिन का अन्तराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 8 तारीख होगी।

नामांकन पत्र वापस लेने के समय के पश्चात शेष प्रत्याशियों का मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से मतदान होगा।

(17) अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित अवधि तक किसी नाम का प्रस्ताव नहीं आता है तो चुनाव अधिकारी को अधिकार होगा कि साधारण सभा में अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगकर एवं अनुमोदित करवाकर निर्वाचन सम्पन्न करें।

(18) अध्यक्ष के चुनाव के लिए यदि मतदान की आवश्यकता हो तो चुनाव गुप्त मतदान प्रणाली कराया जाएगा।

(19) साधारण सभा की बैठक में कार्य सूची के अन्तर्गत ही अध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न कराए जायेंगे चुनाव के लिए अलग से कोई अवधि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

(20) चुनाव सम्बन्धित विशेष परिस्थिति में चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय देगा, वह निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

(21) किसी सदस्य की उम्र चुनाव तिथि को 45 वर्ष हो गई है तो उसको वोट देने का अधिकार नहीं होगा तथा वह सदस्य आगामी कार्यसमिति का सदस्य व परिषद् द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम का संयोजक व सहसंयोजक नहीं बन सकेगा।

(22) चुनाव अधिकारी को शाखा परिषद् की ओर से अध्यक्ष/मंत्री हस्ताक्षरित सुपुर्द सदस्यता सूची के संदर्भ में अगर किसी सदस्य का नाम उस सदस्यता सूची में नहीं है और वह सदस्य शाखा परिषद् का सदस्य होने का दावा करता है तो उस स्थिति में उस सदस्य को शाखा परिषद् की सदस्यता से सम्बन्धित दस्तावेजों को चुनाव अधिकारी को प्रेषित करना होगा। चुनाव अधिकारी प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करेगा। जांच में सही पाये जाने पर चुनाव अधिकारी उस सदस्य को साधारण सदन में वोट देने का अधिकार देगा तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उन सदस्यों की सूची दे दी जायेगी।

(23) कार्यसमिति बैठक में चुनाव अधिकारी की नियुक्ति उपरान्त चुनाव अधिकारी मनोनयन पत्र पर चुनाव अधिकारी की स्वीकृति प्राप्तकर सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी को बैठक के उपरान्त 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से देनी होगी।

शाखा परिषद् के 5 सदस्य मिलकर चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवाकर तय स्थान से प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रपत्र मान्य व स्वीकार्य होंगे।

(24) मतदान के समय सभी सदस्यों को अपना पहचान पत्र अवश्य साथ लाना होगा। सदस्य के पहचान पत्र व शाखा परिषद् की सदस्यता सूची में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता पाये जाने पर सदस्य के ओरिजनल दस्तावेज पर अंकित जन्मतिथि को चुनाव अधिकारी द्वारा वरीयता दी जायेगी।

# नामांकन पत्र

सेवा में
निर्वाचन अधिकारी
तेरापंथ युवक परिषद्, ............................

## प्रस्ताव

हम तेरापंथ युवक परिषद्, .......... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... का नाम प्रस्तावित करते हैं।

| | प्रस्तावक का नाम | प्रस्तावक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ...................................................... | ...................... |
| 2. | ...................................................... | ...................... |
| 3. | ...................................................... | ...................... |
| 4. | ...................................................... | ...................... |
| 5. | ...................................................... | ...................... |

## अनुमोदन

हम तेरापंथ युवक परिषद्, .......... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... के नाम के उपरोक्त प्रस्ताव की अनुमोदना करते हैं।

| | अनुमोदक का नाम | अनुमोदक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ...................................................... | ...................... |
| 2. | ...................................................... | ...................... |
| 3. | ...................................................... | ...................... |
| 4. | ...................................................... | ...................... |
| 5. | ...................................................... | ...................... |

## स्वीकृति

मैं ........................................... सुपुत्र श्री ....................... तेरापंथ युवक परिषद्, ......... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान करता हूँ। मैंने वर्ष ....... एवं ....... में तेरापंथ युवक परिषद् .......... के कार्यसमिति में (कम से कम दो पूर्ण कार्यकाल) अथवा वर्ष में .......... पद (कम से कम एक पूर्ण कार्यकाल) के दायित्व निर्वहन किया है। मेरी जन्म तारीख ........ (दिनांक) ........... (महीना) ............ (वर्ष) है। जन्म तारीख प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैं यह सत्यापित करता हूँ कि मुझे जैन धर्म एवं तेरापंथ सम्प्रदाय की सामान्य जानकारी है तथा मैं सम्पूर्ण रूप से व्यसन मुक्त हूँ।

**उम्मीदवार का पता एवं मोबाईल नं :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**निर्वाचन अधिकारी का नाम व पता :** ..................................................................

## निर्वाचन अधिकारी की टिप्पणी

जाँच दिनांक ............................................. नामांकन पत्र वैध/अवैध है।
अवैध घोषित करने के कारण : ............................................................

**नोटः 31 सदस्यों तक की शाखा परिषदों के लिए एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदक की आवश्यकता है।**

प्रकाशन
अभातेयुप
तेरापंथ टाइम्स । युवादृष्टि । इनजिनियस युवा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की गतिविधि **'प्रकाशन'** के अंतर्गत साप्ताहिक मुखपत्र है– **'अखिल भारतीय तेरापंथ टाईम्स'**। यह साप्ताहिक पत्र पूज्यप्रवर, चारित्रात्माओं एवं समण श्रेणी के सान्निध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, अभातेयुप के विविध आयामों से सम्बन्धित सूचनाओं व समाचारों, संघीय संस्थाओं की गतिविधियों व महत्वपूर्ण सूचनाओं का संवाहक है। त्वरित कवरेज, सुनियोजित संकलन एवं सुव्यवस्थित प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संघीय समाचारों के इस मुखपत्र का तेरापंथ समाज में अपना एक गरिमापूर्ण स्थान है। शाखा परिषदों से निवेदन है कि अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले संघीय एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के समाचार तेरापंथ टाइम्स में प्रकाशन हेतु abtyptt@gmail.com मेल पर प्रेषित करवायें। ई-तेरापंथ टाइम्स वेब पोर्टल www.terapanthtimes.com पर पढ़ा जा सकता है।

अभातेयुप की मासिक पत्रिका के रूप में **'युवादृष्टि'** एक लोकप्रिय पत्रिका के रूप में प्रतिष्ठित है। लगभग पांच दशकों से निरन्तर प्रतिमाह प्रकाशित यह पत्रिका अपने हजारों पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर मौलिक, सुरूचिपूर्ण, ज्ञानवर्धक और समसामायिक सामग्री प्रस्तुत करती है। आकर्षक कलेवर में प्रकाशित यह पत्रिका संगठन की एक महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में संचालित है। युवादृष्टि के आगामी अंकों के विषय पूर्व निर्धारित होते हैं। जून एवं जुलाई माह 2024 के विषय क्रमशः 'न्यारे न्यारे से नारे सारे' व 'जीवन की पाठशाला है पाकशाला' हैं। लेखकों द्वारा निर्धारित विषयों पर रचनाएं प्रेषित की जा सकती हैं। अपनी रचनाएं दिनांक 30 अप्रैल2024 तक abtypyd@gmail.com मेल पर प्रेषित कर सकते हैं। युवादृष्टि के सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क दो वर्ष के लिए ₹1500 एवं पांच वर्ष के लिए ₹3500 है।

अभातेयुप नव सृजन के रूप में अंग्रेजी भाषा की नई मासिक पत्रिका **'इनजिनियस युवा'** का प्रकाशन किया जा रहा है। सदस्य बनने हेतु सदस्यता शुल्क एक वर्ष के लिए ₹800 एवं दो वर्ष के लिए ₹1500 है।


**युवादृष्टि का आगामी विशेषांक युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव समापन समारोह पर चमन के बागबाँ प्रस्तावित है।**

**युवादृष्टि के मई 2024 के विशेषांक में गुरुदेव के दीक्षा कल्याण महोत्सव के समापन पर अभिवंदना, कृतज्ञता, समर्पण के भाव हेतु प्रकाशन में सहयोग के लिए संपर्क करें।**

अमित गन्ना, 8690237726, 9898130097
रवि डोशी, 9320010485
विपिन पितलिया, 8619750588

page strip
8w x 1.5h
₹21000

प्रायोजक नाम




इन पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जन-जन तक न केवल पठनीय सामग्री पहुंचती है अपितु धर्मसंघ से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रभारी, सहप्रभारी एवं संपादक से संपर्क करें:–

**राष्ट्रीय प्रभारी**
अमित गन्ना, 8690237726, 9898130097

**राष्ट्रीय सहप्रभारी**
रवि डोशी, 9320010485

**तेरापंथ टाइम्स**
कार्यकारी संपादक
रोहित कोठारी, 9964222652

**युवादृष्टि**
कार्यकारी संपादक
विपिन पितलिया, 8619750588

**इनजिनियस युवा**
कार्यकारी संपादक
राजीव सुराणा, 9772223458

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **"मैं हूँ सामायिक साधक"** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है।

मैं हूं सामायिक साधक के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से पूरे वर्ष भर चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान से, आओ, हम सब भी जुड़े, सामायिक कर आत्मा का उन्नयन करे। आत्मोन्नयन मार्च माह में गुजरात की शाखा परिषदों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

**प्रभारी**
राकेश दक, 9916949115

**सहप्रभारी**
दीपक श्रीमाल, 9374674694

---

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **"तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ"**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। त्यागी गुरुवार में मार्च माह तक 1080 साथियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**प्रभारी**
जितेश पोखरणा, 9001009101

**सहप्रभारी**
अमित कांकरिया, 9422092222

---

आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि संघ के हर युवक का विकास हो, संघ का प्रत्येक युवक जैनत्व व तेरापंथ को जाने, अपनी वक्तृत्व शैली को निखारकर श्रेष्ठ वक्ता बने। चारित्रात्माओं के प्रवचन श्रवण एवं उद्बोधनकला से श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, उसी तरह प्रत्येक युवक अपनी वक्तृत्व शैली को उजागर कर संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों को किस तरह जीवन में अंकुरित करें, इस हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)** का आयोजन किया जा रहा है। वाक् कौशल को सुधारने, STAGE FEAR को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए CONFIDENT PUBLIC SPEAKING कोर्स का आयोजन भी परिषदें अपने स्तर पर कर सकती हैं। इस आयाम के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था अभातेयुप करेगी। विस्तृत एवं अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

**प्रभारी**
दिनेश मरोठी, 9480048066

**सहप्रभारी**
सोनू डागा, 9976967748

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मार्च माह में आयोजित सीपीएस कार्यशालायें






| दिनांक | सान्निध्य | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 4-10 मार्च 2024 | साध्वीश्री मंगलप्रभाजी आदि ठाणा | हर्षिताजी जैन, पिंकेशजी गादिया, दिनेशजी मरोठी | तेयुप जयपुर | 15 |





| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 18-24 मार्च 2024 | श्री अमित सेठिया | तृप्तिजी कोठारी, प्रीतिजी जैन, अखिलजी मारू | तेयुप औरंगाबाद | 33 |





| दिनांक | अध्यक्षता | प्रशिक्षक | आयोजक परिषद् | संभागी |
|---|---|---|---|---|
| 18-24 मार्च 2024 | श्री पवन मांडोत | संयमजी जैन, अरविंदजी पोकरणा, दिनेशजी बुरड़ | तेयुप यशवंतपुर | 33 |

**"युवा वाहिनी"** के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक ये अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की अणुव्रत यात्रा मुंबई से प्रस्थान कर सूरत की ओर अग्रसर है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि अणुव्रत यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी को करवावें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| बीरेन्द्र संचेती, 9431260358 | सौरभ भूतोड़िया, 9571637790 |

## मार्च माह में पूज्यप्रवर की अहिंसा यात्रा

| परिषद् का नाम | राज्य | सेवा के दिन | सदस्य संख्या | किलोमीटर |
|---|---|---|---|---|
| पुणे | महाराष्ट्र | 23 | 40 | 264 |
| सूरत | गुजरात | 23 | 24 | 264 |
| गांधीनगर-बैंगलोर | कर्नाटक | 12 | 24 | 121 |
| सांताक्रूझ-मुंबई | महाराष्ट्र | 03 | 10 | 34 |







## मार्च माह में विभिन्न शाखा परिषदों द्वारा प्राप्त चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा की जानकारी

| परिषद् | चारित्रात्मा |
|---|---|
| तेयुप अहमदाबाद | मुनिश्री हर्षलालजी स्वामी आदि ठाणा, मुनिश्री सुब्रतकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री डॉ. मदनकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री पदमकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री विजयप्रभाजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री तरुणप्रभाजी आदि ठाणा |
| तेयुप उधना | मुनिश्री उदितकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री अनंतकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री पारसकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री काव्यलताजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री मधुस्मिताजी आदि ठाणा |
| तेयुप हिरीयुर | साध्वीश्री पावनप्रभाजी आदि ठाणा एवं साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी आदि ठाणा |
| तेयुप साउथ हावड़ा | मुनिश्री जिनेश कुमारजी ठाणा |
| तेयुप भायंदर-मुंबई | साध्वीश्री प्रज्ञाश्रीजी आदि ठाणा |








अभातेयुप द्वारा समाज के युवा वर्ग के लिए एक महनीय आयाम है **"फिट युवा हिट युवा"**। समाज के 15 वर्ष से 45 वर्ष के किशोरों एवं युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दृष्टिंगत रखते हुए यह आयाम प्रस्तुत किया गया है। यदि किशोर एवं युवा स्वस्थ हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ बन सकेगा और हम स्वस्थ भारत की परिकल्पना की ओर अपने कदम बढ़ा सकेंगे। स्वस्थ होने से तात्पर्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है, वरन मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से भी है। फिट युवा हिट युवा मिशन समाज के हर युवा के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के निर्माण में सहयोगी बन सकेगा, ऐसा विश्वास है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

FIT HIT युवा

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| पवन नौलखा, 8567066061 | अंकुर लुणिया, 9007283624 | सिद्धार्थ चोरड़िया, 7779973802 |

- तेयुप विजयनगर द्वारा 100 दिनों की निरंतर फिट युवा हिट युवा गतिविधियाँ पूरी की गई।
- तेयुप कटक द्वारा दौड़ का आयोजन करता है।
- तेयुप राजाजीनगर द्वारा सभी सदस्यों के लिए फिटनेस शिविर आयोजित किया जाता है।
- तेयुपु सांताक्रूज़ सदस्य कई फिटनेस चुनौतियों में भाग लेते हैं।





PERSONALITY DEVELOPMENT WORKSHOP

तेरापंथ युवक परिषद् एक ऐसी निर्माणशाला है जहाँ त्रिआयामी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए हर सदस्य अपने व्यक्तित्व में निरंतर विकास एवं निखार लाता है। युवाओं में व्यक्तित्व का विकास निरंतर हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अभातेयुप ने शाखा परिषदों के माध्यम से **"व्यक्तित्व विकास कार्यशाला"** का आयोजन करने का लक्ष्य रखा है। यह कार्यशालाएं विभिन्न विषयों पर आधारित हो सकती है जैसे आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक, पारिवारिक आदि एवं दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम Who Am I का आयोजन भी किया जा सकता है। किसी भी कार्यक्रम के लिए ट्रेनर/मुख्य वक्ता, विषय की जानकारी या अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| तरीन मेहता, 9893218000 | रूपम पटवा, 9425943543 |

WHO AM I TO I AM...

MAKE YOUR MARK

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से मार्च माह तक आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशालायें

| क्र. | दिनांक | कार्यशाला नाम | सान्निध्य/अध्यक्षता | प्रशिक्षक | परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 26-01-24 | मेक योर मार्क | जयेशजी मेहता | अरविंदजी मांडोत व बबीताजी रायसोनी | यशवंतपुर | 38 |
| 02 | 04-02-24 | घर बने स्वर्ग | भूपेशजी कोठारी | परीक्षितजी जोबनपुत्र | अहमदाबाद | 600+ |
| 03 | 08-02-24 | Futuristic LEADERS | साध्वीश्री सम्यकप्रभाजी | चिरागजी पामेचा | उधना | 80+ |
| 04 | 11-02-24 | आसमान छूकर दिखाना है | पवनजी मांडोत | विक्रमजी सेठिया | आरआरनगर | 135+ |
| 05 | 23-02-24 | युवानुशासनम् | | चिरागजी पामेचा | सूरत | 46 |
| 06 | 19-03-24 | संतुलित जीवन:सुखी जीवन | शासनश्री साध्वीश्री सरस्वतीजी आदि ठाणा | ललितजी बेगवानी व अनिलाजी सेठिया | अहमदाबाद | 80+ |
| 07 | 21-03-24 | POSITIVE MINDSET | डॉ. मुनिश्री विनोदकुमारजी | मनीषाजी सेठिया | छापर | 30+ |
| 08 | 22-03-24 | Youth - Toward Jainism | | अनिलाजी सेठिया | अमराईवाड़ी | 50 |
| 09 | 23-03-24 | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | | अखिलजी मारू | औरंगाबाद | 50+ |
| 10 | 24-03-24 | युवानुशासनम् 2.0 | | चिरागजी पामेचा | सूरत | 48 |
| 11 | 31-03-24 | उड़ान सपनों की | पवनजी मांडोत | अमितजी सुराणा | टी. दासरहल्ली | 70 |


















रक्तदान के क्षेत्र में विश्व की सबसे अधिक रक्तदाता संस्था होने का गौरव प्राप्त अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् वर्ष पर्यन्त अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव"** के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष अभातेयुप अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"MBDD RHYTHM (Round Year Humanity Theme)** का आयोजन कर रही है, जिसमें माह के अनुसार आंवटित राज्य में शाखा परिषद् रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं रक्त की आवश्यकता के अनुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। एमबीडीडी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-


MBDD 2024
RHYTHM
ROUND-YEAR HUMANITY THEME

**Guidelines for Parishads**

1) Each state shall be assigned a month, in which parishads need to organise maximum camps as per blood requirement of the region.
2) State Coordinators need to make sure the participation of every parishad and aim for blood donation camps on every day of the month.
3) Parishads shall inform date of camps to State coordinators in advance.
4) Every Parishad shall trigger their past connections with Supporters, Partners & Dignitaries during this campaign to ensure strong sustainable relations.
5) All camps shall be registered on E Raktkosh portal under TYP heading.
6) The Mission of the campaign is active participation of every parishad/ state to facilitate the rhythm of MBDD across the year 2024.

AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD

| Month | State | Co-ordinator | Contact |
|---|---|---|---|
| April | Madhya Pradesh | Vikrant Nahata | 88894 45599 |
| | | Rohit Bambori | 90743 88855 |
| | | Piyush Dak | 98930 29090 |
| May | North East | Ashish Kochar | 94355 55050 |
| | | Ajeet Kothari | 98641 62223 |
| | | Ashok Maroti | 94355 23395 |
| | | Sumnesh Kothari | 98641 11088 |
| | | Ketan Hirawat | 98540 14652 |
| | | Vijay Bhura | 99995 72330 |
| | | Hemant Sethia | 97960 16248 |
| June | Tamilnadu | Komal Daga | 98413 22218 |
| | | Sandeep Mootha | 91715 55551 |
| | | Sonu Daga | 99769 67748 |
| | | Vishal Surana | 70103 14733 |
| January | Karnataka & Kerala | Amit Dak | 9620696106 |
| | | Sudheer Pokharna | 98864 33333 |
| February | Gujarat | Deepak Shrimal | 9374674694 |
| | | Abhinandan Gadiya | 9376381000 |
| | | Sandeep Mandot | 9898021154 |
| March | Rajasthan | Karan Nahata | 9314284290 |
| | | Kailash Tater | 9460281411 |
| | | Sandeep Hinger | 9831058450 |
| | | Vijendra Chajjer | 8078635399 |

**प्रभारी**
हितेश भांडिया, 9829298364

**सहप्रभारी**
सौरभ पटवारी, 9825141911

## प्राप्त जानकारी अनुसार मार्च माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 1-03-24 | JAIPUR | 30 |
| 2 | 01-03-24 | SARDARPURA | 53 |
| 3 | 03-03-24 | SARDARPURA | 51 |
| 4 | 06-03-24 | DAULATGARH | 51 |
| 5 | 07-03-24 | GANGASAHAR | 31 |
| 6 | 09-03-24 | AKOLA | 40 |
| 7 | 10-03-24 | UDAIPUR | 88 |
| 8 | 10-03-24 | SARDARPURA | 69 |
| 9 | 10-03-24 | UDASAR | 27 |
| 10 | 11-03-24 | BHADRA | 46 |
| 11 | 12-03-24 | PALI | 27 |
| 12 | 15-03-24 | AMET | 66 |
| 13 | 15-03-24 | PILIBANGA | 65 |
| 14 | 17-03-24 | ASIND | 136 |
| 15 | 17-03-24 | SHRIGANGANAGAR | 22 |
| 16 | 17-03-24 | TARANAGAR | 120 |
| 17 | 17-03-24 | SARDARPURA | 60 |
| 18 | 18-03-24 | LACHUDA | 62 |
| 19 | 20-03-24 | BALOTRA | 38 |
| 20 | 22-03-24 | MADANGANJ KISHANGARH | 55 |
| 21 | 23-03-24 | PALI | 53 |
| 22 | 23-03-24 | BHILWARA | 5 |
| 23 | 29-03-24 | SURATGARH | 40 |
| 24 | 31-03-24 | SARDARPURA | 63 |
| 25 | 31-03-24 | PALI | 22 |
| 26 | 31-03-24 | JAIPUR | 117 |
| 27 | 31-03-24 | JAIPUR | 121 |


























AKHIL BHARTIYA
TERAPANTH YUVAK PARISHAD
DATE
FRIDAY
TIME
10.00
CAMP


AKHIL BHARTIYA
TERAPANTH YUVAK PARISHAD
DONATION
CAMP

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। **"आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर"** अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| सौरभ मुणोत, 8655690391 | आलोक छाजेड़, 9739048090 | ललित मेहर, 9880028999 |

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त मार्च माह की रिपोर्ट

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Vijaynagar-Bangalore | 3069 |
| Magadi Road-Vijaynagar | 1402 |
| Hampinagar-Vijaynagar | 1866 |
| Kamakshipalya-Vijaynagar | 507 |
| Nagarbhavi-Vijaynagar | 584 |
| Gandhingar-Bangalore | 1967 |
| Adugodi-Gandhinagar | 81 |
| Guttahalii-Gandhinagar | 190 |
| R. R. Nagar-Bangalore | 1068 |
| HBST-Bangalore | 299 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 1051 |
| Hubali | 61 |
| N. S. Road-Mysore | 891 |
| T. K. Layout-Mysore | 317 |
| Udhna | 4165 |
| Pandesara-Udhna | 216 |
| Bhestan-Udhna | 562 |
| Surat | 933 |
| Someshwaram-Surat | 213 |
| VIP Plaza-Surat | 134 |
| City Centre-Ahmedabad | 480 |
| Subh Complex-Ahmedabad | 408 |
| Amraiwadi | 164 |
| Bardoli | 467 |
| Coimbatore | 105 |

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Puzhal-Chennai | 3681 |
| Purasawalkam-Chennai | 479 |
| Triplicane-Chennai | 1348 |
| Redhills-Chennai | 380 |
| Vyasarpadi-Chennai | 525 |
| Nathdwara | 271 |
| Udaipur | 175 |
| Bhilwara | 428 |
| Jaipur | 504 |
| Nokha | 455 |
| Gangashahar | 512 |
| Airoli | 1338 |
| Chembur Naka | 580 |
| Tilak Nagar-Chembur | 1827 |
| Dombivali-Mumbai | 1964 |
| Koparkhairne | 226 |
| Siliguri | 1649 |
| Sainthia | 916 |
| Purvanchal-Kolkata | 2745 |
| Guwahati | 143 |
| Katihar | 152 |
| Raipur | 800 |
| Ratlam | 1814 |
| Kesinga | 212 |
| Sunam | 363 |
| **Total** | **44687** |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **'नेत्रदान'** अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शाखा परिषदों के माध्यम से नेत्रदान का सहमति पत्र भरवाकर बहुत बड़ा जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् ALL INDIA EYE BANK ASSOCIATION की सदस्य बनी है एवं पूरे भारत में सभी EYE BANK से संपर्क कर लगभग सभी क्षेत्रों में नेत्रदान करवाने में सक्षम है। भारतवर्ष में लगभग सभी राज्यों के बड़े शहरों में EYE BANK है। परिषद् EYE BANK से संपर्क कर टीम बुलाकर नेत्रदान करवा सकती है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:–

॥ नमो चक्खुदयाणं ॥
चक्षुदाता को नमस्कार
Eye Donation

| राष्ट्रीय प्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी | राष्ट्रीय सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| सुनील दूगड़ | कोमल डागा | कैलाश तातेड़ | कमलेश भंसाली |
| 9831038394 | 9841322218 | 9799416761 | 9029911109 |

## मार्च नेत्रदान रिपोर्ट

| सं. | परिषद् नाम | राज्य | नेत्रदान | सं. | परिषद् नाम | राज्य | नेत्रदान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | तेयुप सूरत | गुजरात | 6 | 13. | तेयुप भीलवाड़ा | राजस्थान | 1 |
| 02. | तेयुप चेन्नई | तमिलनाडु | 3 | 14. | तेयुप बोईसर-मुंबई | महाराष्ट्र | 1 |
| 03. | तेयुप गांधीनगर-बैंगलोर | कर्नाटक | 3 | 15. | तेयुप चित्तौड़गढ़ | राजस्थान | 1 |
| 04. | तेयुप सरदारपुरा (जोधपुर) | राजस्थान | 3 | 16. | तेयुप हिंदमोटर-कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 05. | तेयुप उत्तर हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 3 | 17. | तेयुप जयपुर | राजस्थान | 1 |
| 06. | तेयुप अहमदाबाद | गुजरात | 2 | 18. | तेयुप जोधपुर | राजस्थान | 1 |
| 07. | तेयुप गुवाहाटी | असम | 2 | 19. | तेयुप मलाड-मुंबई | महाराष्ट्र | 1 |
| 08. | तेयुप पाली | राजस्थान | 2 | 20. | तेयुप पालघर-मुंबई | महाराष्ट्र | 1 |
| 09. | तेयुप औरंगाबाद | महाराष्ट्र | 1 | 21. | तेयुप राजाजीनगर | कर्नाटक | 1 |
| 10. | तेयुप पूर्वांचल-कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1 | 22. | तेयुप रायपुर | छत्तीसगढ़ | 1 |
| 11. | तेयुप अंधेरी-मुंबई | महाराष्ट्र | 1 | 23. | तेयुप साउथ हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 1 |
| 12. | तेयुप बारडोली | गुजरात | 1 | 24. | तेयुप साउथ कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1 |
| | | | | | | कुल | 40 |

अभातेयुप द्वारा संघीय गतिविधियों की सूचना/समाचार जन-जन तक पहुंचाने हेतु मीडिया उपक्रम **'जैन तेरापंथ न्यूज (JTN)'** का संचालन किया जा रहा है। आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि अपने क्षेत्र के समाचार ऑनलाईन माध्यमों से JTN में प्रसारित करने हेतु भेजें।

✻ समाचार jtnmain@gmail.com पर ईमेल द्वारा भेजें। व्यक्तिगत या ग्रुप में Whatsapp द्वारा समाचार न भेजें।

✻ समाचार संघ/संगठनों से सम्बन्धित, व्यापक स्तर पर प्रेषित करने योग्य हो। संघ एवं संघपति की प्रभावना करने वाले हो। दैनिक अथवा छोटे स्तर के आयोजनों अथवा व्यक्तिगत स्वरूप के समाचार यथासंभव न भेजें।

✻ किसी भी समाचार के प्रसारित होने या न होने का अंतिम निर्णय सम्पादक मंडल का रहेगा।

✻ समाचार के साथ भेजी जाने वाली फोटो का साईज प्रति फोटो 1MB से अधिक न हो। फोटो का कोलाज बनाकर न भेजें और न ही फोटो पर कुछ लिखा हुआ हो।

✻ समाचार भेजने के पश्चात् समाचार लगाने हेतु फोन अथवा मैसेज न करें।

| कार्यकारी संपादक | कार्यकारी सहसंपादक | कार्यकारी सहसंपादक | केन्द्रीय प्रमुख |
|---|---|---|---|
| पवन फूलफगर | तेजराज चोपड़ा | अमित कांकरिया | नवरतन ओस्तवाल |
| 8849061010 | 9845112749 | 9422092222 | 8559968287 |



अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद
TERAPANTH TASK FORCE
CARE • COURAGE • COMMITMENT

परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में संचालित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की युवा वाहिनी के अंतर्गत **तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF)** समर्पित एवं संकल्पित युवाओं का ऐसा संगठन है जो आपदा-विपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में निपुण एवं सक्षम है। संघ, समाज और राष्ट्र की सेवा एवं सुरक्षा को तत्पर यह संगठन प्रतिकूल एवं विषम परिस्थितियों में जीवन रक्षक संजीवनी के रूप में कार्य करती है। प्राकृतिक या दुर्घटनावश होने वाली परिस्थितयां मानव जीवन, जान-माल, पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकरण को व्यापक क्षति पहुंचाती है, इनके प्रबंधन और नियंत्रण हेतु कुशल व्यक्ति अपने ज्ञान एवं अनुभव से सेवा एवं सुरक्षा का महनीय कार्य कर सकते हैं। तेरापंथ टास्क फोर्स इसी कल्पना का मूर्त रूप है। ट्रेनिंग के लिए अभातेयुप को भारतीय सेना की इकाई National Disaster Response Force (NDRF) ने स्वीकृति प्रदान की है। ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं द्वारा जनमानस के सशक्तिकरण हेतु मिशन एंपावरमेंट कार्यशाला का वर्चुअल व सशरीर आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| मनीष पटावरी, 9885068956 | मयंक धाकड़, 9867837260 |

## TTF TRAINERS

| BRIGADIER: | CAPTAIN: |
|---|---|
| Jai Choraria | Pratik Patwa |
| **MAJOR:** | Bhavya Bothra |
| Naveen Bhandari | Giniyas Mehta |
| Chirag Pamecha | Yash Achha |
| Lokesh Jain | Ashish Golecha |
| Shrenik Kucheriya | Vivek Bhansali |
| | Rakesh Roshan |

## TEAM GREEN BRIGADE

### LEADERSHIP PANEL

Jai Choraria, South Kolkata — Shrenik Kucheriya, Dhule — Naveen Bhandari, Ludhiana

### CORE COMMITTEE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Pankaj Surana, Jalgoan | Saurabh Surana, Kandivali | Akhil Bapna, Kankroli | Yash Surana, Guwahati |
| Dixit Rathod, Vasai | Kushal Bhansali, Hyderabad | Jay Banthia, Liluah | Bhavesh Sancheti, Jaipur |
| Mayank Daga, Surat | Deepesh Baid, Gangashahar | Vivek Munot, Vapi | Utkarsh Malu, Purvanchal |
| Sayam Anchaliya, Surat | Anant Choraria, South Howrah | Vivek Baid, Faridabad | Nayan Ranka, Bhilwara |

सत्कार

आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका **''सत्कार''** की व्यवस्था ''मोबाईल हाऊस'' के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 7 दिन हेतु 75,000/- और 15 दिन हेतु 1,25,000 के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |

जैनं जयतु शासनम्

जैन संस्कार विधि

जीवन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु अभातेयुप द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो एवं संस्कारक तैयार किये जा सके। नवम्बर माह में प्राप्त जानकारी के अनुसार संपादित कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित है। कार्यक्रमों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु स्थानीय संस्कारकों अथवा राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:—

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|
| मनीष मालू | अरूण गर्ग | राहुल चेतन बरड़िया | विकास बांठिया |
| 9375865878 | 9068100012 | 9080587415 | 9008988200 |

## प्राप्त जानकारी अनुसार मार्च माह में जैन संस्कार से आयोजित कार्यक्रम

| क्र. | कार्यक्रम | संस्कार | क्र. | कार्यक्रम | संस्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जन्मोत्सव | 25 | 08. | गृह प्रवेश | 03 |
| 02. | शुभारम्भ | 15 | 09. | संथारा साधक अंतिम संस्कार | 01 |
| 03. | स्मृति सभा | 09 | 10. | बही खाता पूजन | 01 |
| 04. | शुभ विवाह | 07 | 11. | शपथ ग्रहण | 01 |
| 05. | सामूहिक जन्मोत्सव/वैवाहिक वर्षगांठ | 06 | 12. | भूमि पूजन | 01 |
| 06. | नामकरण | 05 | | | |
| 07. | अंतिम संस्कार | 06 | | कुल | 80 |

| Parishad Name | नामकरण संस्कार | जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ संस्कार | सामूहिक जन्म दिवस / वैवाहिक वर्षगांठ | शिलान्यास संस्कार | गृह प्रवेश संस्कार | शुभारंभ संस्कार | विवाह संस्कार | शपथ विधि संस्कार | बही खाता शुभारंभ | अंतिम संस्कार विधि | संथारा साधक अंतिम संस्कार | स्मृति सभा | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ahmedabad | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| Ambikapur | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Amraiwadi Odhav | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Aurangabad | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Bardoli | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Bhayandar-Mumbai | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Boisar-Mumbai | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Chennai | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Churu | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Dadar-Mumbai | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Delhi | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| Dhulabari | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Gandhinagar-Bangalore | 0 | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 14 |
| Gangashahar | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 4 |
| Hubli | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Hyderabad | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| Kalu | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| Kantabanji | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Palghar-Mumbai | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| Parvat Patiya | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| Pune | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| Purvanchal - Kolkata | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| Raipur | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| South Howrah | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| Surat | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| T. Dasarhalli | 0 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 6 |
| Vadodara | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Vapi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| Vijaynagar | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| Austraila | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Ladnun | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| TOTAL | 5 | 24 | 6 | 1 | 3 | 16 | 7 | 1 | 1 | 6 | 1 | 9 | 80 |














अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्
सामूहिक जन्मोत्सव




# परिषद् कार्यक्रम



धम्म जागरण-टी. दासरहल्ली



नेत्रदान कार्यशाला-भायंदर




सेवा कार्य-टी. दासरहल्ली



सामायिक-कांदिवली



सामायिक-टी. दासरहल्ली



सामायिक-उत्तर कोलकाता



सामायिक-यशवंतपुर



सार-संभाल यात्रा-टी. दासरहल्ली



सार-संभाल यात्रा-अहमदाबाद



सार-संभाल यात्रा-राजाजीनगर



वीतराग पथ कार्यशाला-अहमदाबाद



वीतराग पथ कार्यशाला-पर्वत पाटिया



वीतराग पथ कार्यशाला-सूरत

# अभातेयुप द्वारा संचालित आयाम

मैं हूँ सामायिक साधक

तपोयज्ञ

Acharya Tulsi Diagnostic Centre Dental Care Dialysis Centre
AcharyaMahapragya Medicals

जैनं जयतु शासनम् जैन संस्कार विधि

वीतराग पथ

युवा वाहिनी

Acharya Tulsi Jain Hostel

॥ नमो चक्खुदयाणं ॥ चक्षुदाता को नमस्कार
Eye Donation

PERSONALITY DEVELOPMENT WORKSHOP

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद
TERAPANTH TASK FORCE
CARE • COURAGE • COMMITMENT

तेरापंथ किशोर मंडल

Confident Public SpeaKING
An Effective Communication Course

You have, you can..
MEGA BLOOD DONATION DRIVE

युवाशक्ति निर्देशिका

सत्कार

FIT युवा

सरगम सुरों का महासंग्राम

संयम साधना सीमांकन
बारह व्रत चेतना जागरण अभियान

भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला

सम्यक दर्शन कार्यशाला

मंत्र दीक्षा

Sankalp A Mission
संगठन यात्रा

योगक्षेम

Data Management
Akhil Bhartiya Terapanth Yuvak Parishad

प्रकाशन अभातेयुप
तेरापंथ टाइम्स । युवादृष्टि । इनजिनियस युवा

NEWS
News Compilation

MOBILE APP
GET IT ON Google Play | App Store
www.abtyp.org

JAIN TERAPANTH NEWS
JTN

पाथेय

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्


✻ **पंजीकृत कार्यालय** ✻

'युवालोक', जैन विश्व भारती परिसर, लाडनूं-341306 (राज.)

01581-294102 8905995001 ladnunoffice@abtyp.org

✻ **प्रशासनिक कार्यालय** ✻

'अणुव्रत भवन', 210-दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, तीसरी मंजिल

नई दिल्ली-110002 8905995002 delhioffice@abtyp.org



Society Registration: 588/83-84 Dt. 30/03/1984. NGO Unique ID RJ/2017/0116537


www.abtyp.org | Follow us on : YouTube /abtypofficial

।। नूतन चिंतन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।।